हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 1 फरवरी 2026

[ दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा ]



## खबर संक्षेप



### कक्षा 12वीं के छात्रों को 11वीं के छात्रों ने दी विदाई

**बरपाली।** धनीराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल बरपाली में कक्षा 12वीं के छात्रों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा 11वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। छात्रों ने नृत्य, गायन और विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। 11वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के प्रति सम्मान और स्नेह व्यक्त किया। जबकि 12वीं के छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए विद्यालय के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त किया। मिस्टर डीएमपीएस का खिताब चंद्रकांत साहू व मधु सूदन और मिस डीएमपीएस पूजा बनी। अन्य विजेताओं में प्रियांशु यादव मिस्टर ह्यूमैनिटीज, ममता सिदार मिस ह्यूमैनिटीज शामिल रहे। प्रिंसिपल डॉ दिलीप श्रीवास्तव ने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अपने ज्ञान और कौशल से समाज और देश का नाम रोशन करें। डायरेक्टर डॉ विवेक रंजन महतो ने अपने संदेश में कहा कि धनीराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल के छात्र अनुशासन, समर्पण और मेहनत का प्रतीक है। इस दौरान राघवेंद्र पटेल, आशीष निषाद, जुनैद खान, मीना पटेल, दीप्ति कौशिक, नीतू शर्मा, अंजलि चौहान, श्वेता चौहान, वीनू कौर, सुमित कुमार वार्डन आदि उपस्थित रहे।

### चुनावी वादों का इंतजार, ऑटो से की जा रही पानी की पूर्ति



**पाली।** नगर पंचायत चुनाव हो या ग्राम पंचायत चुनाव दोनों ही चुनाव में बुनियादी सुविधाओं को लेकर किए गए वादों को पूरा करने की बाद जनप्रतिनिधियों के द्वारा कही जाती है। लेकिन समय पर इस ओर ध्यान न देना परेशानी का सबब बनता है। पाली ट्रांसपोर्ट नगर ग्राम पंचायत सरायपाली और नगर पंचायत पाली के सरहद पर होने के कारण उपेक्षा का शिकार बना रहता है। यहां पर नगर पंचायत चुनाव के पहले हाई मास्क लाइट और पानी टंकी की स्थापना के लिए जनप्रतिनिधियों के द्वारा घोषणाएं तो की गई किंतु दोनों चुनाव बीत जाने के पश्चात आज तक समस्या जस की तस बनी हुई है। यहां के व्यापारियों ने ही मिलकर एक खराब ऑटो पर पानी की टंकी लगा डाली जिससे वहां के व्यापारियों की पानी की ज़रूरतें पूरी होती है क्योंकि ट्रांसपोर्ट नगर पाली में अंधेरा होने के कारण रात में खड़ी वाहनों से डीजल चोरी व अन्य चोरियों की घटनाएं पूर्व में हो चुकी है। इस समस्या के समाधान हेतु हाई मास्क लाइट लगाने की बात जनप्रतिनिधियों के समक्ष रखी गई थी जिसे पूरा करने के लिए आश्वासन तो दिया गया किंतु आज तक समस्या बनी हुई है। जिससे ट्रांसपोर्ट नगर में रहने वाले व्यापारियों मे रोष देखा जा रहा है।

### एसईसीएल कुसमुंडा आवासीय कालोनी में जल आपूर्ति बाधित



**कोरबा।** विगत दो तीन माह से आवासीय कॉलोनी मैं पानी की आपूर्ति सुचारु रूप से सिविल विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा है। पानी की सप्लाई का कोई निर्धारित समय नहीं है। अधिकारी कर्मचारी पानी के लिए तरसते नजर आते हैं और वॉल मेन के आगे पीछे गिड़गिड़ाते नज़र आते हैं। वहीं वाल मेन का सीधे तौर पर एक ही जवाब होता है कि अगर फिल्टर प्लांट बेस से सही और सुचारु तरीके से पानी नहीं दिया जाएगा तो हम लोग कहां से पानी देंगे। देखने वाली बात यह है कि शनिवार को सिविल विभाग ने पानी टंकर के माध्यम से कॉलोनी वासियों को तात्कालिक राहत के लिए टैंकर के मार्फत जल सप्लाई की है, जो कि पहली बार देखने को मिला है। अब आगे यह देखना है कि आने वाले समय में क्या पानी की आपूर्ति एक निर्धारित समय पर हो पाएगी और लोगों को इस समस्या से निजात मिल सकेगा।

### भाड़ा समय पर नहीं मिला तो होगा आंदोलन

**पाली।** पाली स्थित सरायपाली ओपन खदान में शनिवार को ट्रक एवं टेलर मालिक संघ के द्वारा कोल लिफ्टरों के साथ एक मीटिंग रखा गया जिसमें भाड़ा को लेकर चर्चा की गई और साथ ही साथ भाड़ा समय पर देने की बात कही गई। पाली स्थित सरायपाली ओपन खदान में प्रतिदिन कोयले की सप्लाई ट्रकों के माध्यम से की जाती है जिसमें लोकल ट्रक मालिकों की अपेक्षा की जाती है और भाड़े में भी लगातार कमी को को लेकर ट्रक मालिकों के द्वारा इसका विरोध किया गया और आने वाले समय में भाड़े में वृद्धि को लेकर आंदोलन की चेतावनी दी गई। यहां चलने वाली गाड़ियों का भाड़ा 5 से 6 महीना में दिया जाता है जिससे ट्रक मालिकों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है इसको लेकर मीटिंग में तय किया गया कि कोयले का भाड़ा 15 दिनों के पश्चात गाड़ी मालिकों को दिया जाए जिसमें सारे लिफ्टरों और ट्रक मालिकों के द्वारा सहमति व्यक्त की गई है।

# सम्मेलन में खेलकूद प्रतियोगिताएं, अभिभावकों ने बढ़चढ़कर लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा विकासखंड के अंतर्गत आने वाले अजगरबहार हायर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षण सत्र 2025-26 अंतिम पालक शिक्षक सम्मेलन में बच्चों के साथ उनके अभिभावकों के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों के साथ उनके अभिभावकों ने भी पुरस्कार जीते।

इस अवसर पर जिलापंचायत सदस्य रेणुका राठिया ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पालक अपने बच्चों को हर हाल में स्कूल भेजे और स्कूल से लौटने के बाद स्कूल में हुई पढ़ाई को लेकर जानकारी लेकर तथा स्कूल के शिक्षकों से सतत संपर्क बनाए रखें, छात्र अभिभावक और शिक्षकों के बीच की धुरी होते हैं और इसके लिए अभिभावकों को बच्चों के भविष्य के लिए जागरुक होना आवश्यक है। इससे पूर्व स्कूल के प्राचार्य अनुपमा राजवाड़े ने स्कूल में पढ़ाई के विषय के अलावा चलाई जाने वाली गतिविधियों का विवरण दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा विकास का सशक्त माध्यम है। महिलाओं को अपने बच्चों के भविष्य के लिए सचेत रहना चाहिए। सम्मेलन में तिमाही और छमाही परीक्षाओं के परिणाम की समीक्षा करने के साथ दोनों वर्ग में आपसी समन्वय स्थापित कर छात्रों के सर्वांगीण विकास की रुपरेखा तय की गई। सम्मेलन की शुरुआत में बच्चों द्वारा हस्त निर्मित आमंत्रण पत्र से पालक को निमंत्रित किया गया। सम्मेलन के पहले चरण में अभिभावकों को बच्चों की तिमाही, अर्धवार्षिक तथा प्री बोर्ड की मूल्यांकन कॉपी दिखाई गई। इस अवसर पर कुर्सी दौड़, रास्सा खींच, मटका फोड़ आदि खेलकूद के माध्यम से सहभागिता ली गई एवं विजेता अभिभावकों को पुरस्कृत भी किया गया। सम्मेलन में व्याख्याता लखन लाल डहरिया, सुभाषचंद्र महतो, श्रीमती कुमारी बाई, अमर सिंह खुराना, मानसिंह राठिया, नेहा रानी राठौर, ममता साहू, मंजूलता सिंह, प्रधान पाठक विजय प्रताप सिंह, कृष्ण दास महंत, हेमंत साहू, प्रमिला एक्का, प्रधान पाठक प्रताप सिंह कंवर, हनुमान सिंह, नत्थू आनंद आदि उपस्थित थे।

**खेलकूद गतिविधियों के साथ पालक शिक्षक सम्मेलन**

**खास बातें**

- परीक्षा परिणाम की समीक्षा के साथ अभिभावकों ने बतायी समस्याएं



## हाथों में तख्तियां लेकर रैली की शक्ल में पहुंचे शराब दुकान, फूंका पुतला, किया प्रदर्शन

# महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शराब बिक्री का युवा कांग्रेसियों ने जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निहारिका एवं टीपी नगर में संचालित अंग्रेजी शराब दुकानों के सामने युवा कांग्रेस नेताओं ने नारेबाजी की और आबकारी मंत्री का पुतला फूंका। इन दोनों शराब दुकानों पर युवा कांग्रेस के नेताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की तस्वीर लेकर रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम भजन का गायन किया और अनोखे तरीके से महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर सरकार द्वारा जारी शराब बिक्री का विरोध जताया। युंकाईयों का आरोप था कि पहली बार ऐसा हुआ है जब गांधी की पुण्यतिथि पर शराब बंदी नहीं की गई।

युवा कांग्रेस के शहर अध्यक्ष राकेश पंकज ने कहा कि ऐसा पहली बार हो रहा है राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि के दिन भी प्रदेश में शराब दुकानें खोले गए। श्री पंकज ने कहा कि साल के 365 दिनों में मात्र 7 दिन शराब की दुकानें बंद रखी जाती है। इसमें भी भाजपा सरकार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि के साथ मोहर्रम एवं होली में बंद रहने वाले नियम को बदलकर शराब दुकानें खोलने का फरमान जारी किया है। बदले नियम के अनुसार अब गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस, 2 अक्टूबर गांधी जयंती एवं 18 दिसंबर गुरु घासीदास जयंती के दिन अर्थात साल में मात्र 4 दिन शराब की दुकानें बंद रखा जाएगा। युंका जिला अध्यक्ष राकेश पंकज ने कहा कि जैसे मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाकर वीबीरामजी रखकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान किया गया और अब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पुण्यतिथि के दिन हर हमेशा से बंद रखे जाने वाले शराब की दुकानों को खोले जाने के नियम से यह स्पष्ट हो गया है कि भाजपा के नेताओं को युगपुरुष राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सिद्धांत, विचार, शांति के मसीहा, सत्य और अहिंसा मानवता के कल्याण आदि से कोई लेना देना नहीं है। ये लोग दिखावे मात्र के लिए ही या मजबूरी में ही याद करते हैं। युवा कांग्रेस के साथ-साथ महिला कांग्रेस सहित समस्त कांग्रेस परिवार इस निर्णय को वापस लेने की मांग करते हैं। युवा कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष विवेक श्रीवास ने कहा कि गांधी जी के पुण्यतिथि, जयंती, 15 अगस्त, 26 जनवरी, होली, मोहर्रम, गुरु घासीदास जयंती आदि विशेष धार्मिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय महापर्व के अवसरों पर शराब दुकानें बंद रखने की परंपरा हमेशा से रही है। इन परंपराओं को आगे भी निभाते रहते तो क्या गजब हो जाता। क्या छत्तीसगढ़ प्रदेश की सरकार शराब बिक्री के ही बलबूते चल रही है।



विरोध प्रदर्शन करते युवा एवं महिला कांग्रेसी।

## सीएमडी को मिला डब्ल्यूसीएल के सीएमडी का अतिरिक्त प्रभार


निरीक्षण करते सीमडी श्री हरीश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरीश दुहन को वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। यह अतिरिक्त प्रभार 1 फरवरी से प्रारंभ होकर प्रारंभिक अवधि तीन माह के लिए अथवा आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। हरीश दुहन ने 27 मार्च 2025 को एसईसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक (सीएमडी) का पदभार ग्रहण किया है। उनके नेतृत्व में एसईसीएल ने भूअधिग्रहण, गुणवत्तापूर्ण कोयला उत्पादन, सतत एवं पर्यावरण-अनुकूल खनन, महिला सशक्तीकरण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। श्री दुहन के मार्गदर्शन में एसईसीएल भूमिगत खदानों में पेस्ट फिल तकनीक अपनाने वाली देश की पहली कोल पीएसयू बनी है। लंबे समय से भू अधिग्रहण की चुनौतियों से जूझ रही एसईसीएल की मेगा परियोजनाओं में, उनके नेतृत्व में अप्रैल 2025 से अब तक रिकॉर्ड 250 हेक्टेयर से अधिक भूमि का पजेशन प्राप्त किया गया है, जिससे उत्पादन क्षमता को सशक्त आधार मिला है। इसके अतिरिक्त, कोल इंडिया की पहली पूर्णतः महिला-संचालित डिस्पेंसरी तथा ऑल-वूमेन सेंट्रल स्टोर यूनिट की शुरुआत कर एसईसीएल ने नारी सशक्तीकरण एवं कार्यस्थल समावेशन के क्षेत्र में भी नए मानक स्थापित किए हैं। हरीश दुहन को कोयला खनन क्षेत्र में 34 वर्षों से अधिक का व्यापक एवं बहुआयामी अनुभव प्राप्त है। उन्होंने नागपुर विश्वविद्यालय से माइनिंग इंजीनियरिंग में स्नातक उपाधि प्राप्त की है। वर्ष 1989 में वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) से अपने करियर की शुरुआत करने वाले श्री दुहन के पास फर्स्ट क्लास माइन मैनेजर सर्टिफिकेट तथा प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा की उपाधि भी है।

# पुलिस ने 1 से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कोरबा पुलिस द्वारा 1 जनवरी से 31 जनवरी तक सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया गया। यह अभियान श्रीमान पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना एवं चौकी क्षेत्रों में प्रभावी रूप से संचालित किया गया। सड़क सुरक्षा माह के समापन कार्यक्रम के अवसर पर कोरबा कलेक्टर श्री कुणाल देवदत्त एवं श्रीमान पुलिस अधीक्षक कोरबा श्री सिद्धार्थ तिवारी की गरिमामयी उपस्थिति में करतला से हाटी रोड पर पुलिस प्रशासन द्वारा सड़क किनारे स्थित पेड़ों पर कलर एवं रेडियम पट्टी लगाए जाने का विशेष अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं पेड़ों पर कलर एवं रेडियम पट्टी लगाकर यह संदेश दिया गया कि रात्रि के समय सड़क पर चलने वाले वाहन चालकों को स्पष्ट दृश्यता मिले, जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। सड़क सुरक्षा माह के दौरान कोरबा पुलिस द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें स्कूल एवं कॉलेजों में यातायात प्रशिक्षण 12 कार्यक्रम, 2820 विद्यार्थी लाभान्वित, हेलमेट रैली 1 कार्यक्रम, 150 नागरिकों की सहभागिता, नुक्कड़ नाटक 1 कार्यक्रम, लगभग 400 नागरिकों को जागरूक किया गया, सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम 9 कार्यक्रम, लगभग 1910 नागरिक लाभान्वित, सार्वजनिक स्थानों पर सड़क सुरक्षा पोस्टर चस्पा 2 कार्यक्रम, लगभग 1000 नागरिकों तक संदेश पहुंचाया गया, चौक-चौराहों पर यातायात नियमों का पालन करने वालों को गुलाब वितरण 1 कार्यक्रम, 350 लोग सम्मानित, स्कूली वाहनों की जांच 01 विशेष अभियान, 75 वाहन व्यक्ति शामिल, 27 कार्यक्रमों के माध्यम से लगभग 6 हजार 705 नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, हेलमेट व सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करें तथा सुरक्षित गति से वाहन चलाएं। पुलिस आगे भी सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता एवं दुर्घटना-निवारक कार्यक्रम निरंतर जारी रखे जाएंगे ताकि आमजन की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

**खास बात**

- जागरुकता कार्यक्रमों के माध्यम से 6 हजार 705 से अधिक लोग हुए लाभान्वित



सुरक्षा सप्ताह में शामिल बच्चे एवं अतिथि।

# प्रगतिरत विकास कार्य समय सीमा में पूर्ण हों अप्रारंभ कार्य शीघ्र प्रारंभ कराए जाएंः संजूदेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने निगम के अभियंताओं को निर्देशित करते हुए कहा है कि नगर निगम द्वारा वार्ड एवं बस्तियों में कराए जा रहे विकास कार्यों को समय सीमा में पूरा कराएं तथा अप्रारंभ कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कराएं। कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखें, कार्यों में गुणवत्ता की कमी कदापि स्वीकार्य नहीं होगी। जिम्मेदार अधिकारी निर्माण कार्यों की नियमित मानीटरिंग अनिवार्य रूप से करें।

महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने आयुक्त आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में निगम के अभियंताओं व अधिकारियों की बैठक लेकर विभागीय कामकाज की बिन्दुवार विस्तार से समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने निगम क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था, उद्यानों की व्यवस्था, पेयजल की सुचारू आपूर्ति, सड़क रोशनी व्यवस्था की बेहतरी सहित निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समय सीमा पर कार्यों को पूरा कराने निर्देश दिया। निगम द्वारा जिला खनिज न्यास मद, अधोसंरचना मद, निगम मद, प्रभारी मंत्री मद, महापौर व पार्षद मद, सांसद मद, विधायक मद, सीएसआर मद, वित्त आयोग मद सहित अन्य विभिन्न मदों के अंतर्गत किए जाने वाले विकास व निर्माण कार्यों की वर्तमान कार्यप्रगति की मदवार व जोनवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने निगम के अभियंताओं से कहा कि निगम के वार्ड एवं बस्तियों में जो कार्य वर्तमान में प्रगतिरत हैं, उनके कार्यों में तेजी लाएं, कार्य के दौरान अभियंतागण नियमित मानीटरिंग करते हुए कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित कराएं तथा समयसीमा में कार्यों को पूरा करें, ताकि इनका लाभ वार्ड के नागरिकों को प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि निगम के ऐसे कार्य जिनकी निविदा आदि की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। उन्हें तत्काल प्रारंभ कराएं तथा प्रस्तावित व स्वीकृत कार्यो की निविदा प्रक्रिया समयसीमा में पूरी करें ताकि इन कार्यो को भी समयसीमा में अमलीजामा पहनाया जा सके। बैठक के दौरान महापौर श्रीमती राजपूत ने शहर की साफ-सफाई व्यवस्था व स्वच्छता कार्यों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि साफ-सफाई कार्यो में और अधिक बेहतरी लाने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएं। उपलब्ध संसाधनों को पूरा-पूरा उपयोग करें, निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप साफ-सफाई कार्य संपातिद हों, यह सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि यह विशेष रूप से ध्यान रखें कि सफाई कार्य के दौरान उत्सर्जित कचरे का स्थल से उठाव व परिवहन तत्काल कर लिया जाए। कचरा स्थल पर डम्प न रहें, यह भी सुनिश्चित कराएं।


बैठक को संबोधित करती महापौर एवं निगम आयुक्त।

## पृष्ठ 1 का शेष

### नहर पुल में...

चुका था। फरार चल रहे शेष 5 आरोपियों को भी पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तार आरोपियों में मनोज कुमार पंडित उर्फ बमजी, राजीव कुमार सिंह, संदीप महत, शिवनारायण सागर उर्फ शिवा और आदित्य यादव शामिल हैं। सभी आरोपी जिले के विभिन्न इलाकों के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले अपराधों के खिलाफ आगे भी सख्त और निरंतर कारवाई जारी रहेगी, ताकि कानून व्यवस्था मजबूत बनी रहे और आम नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा कायम रहे।

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा उच्चभट्ठी प.ह.नं. 01, रा.नि.मं. व तहसील चाम्पा जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर-232/6 रकबा-0.538 हे. स्थित है जो अर्जुन कुमार सिंघानिया पिता विशंभर दयाल सिंघानिया निवासी पटेल नगर वार्ड नं. 43 दर्री कोरबा तहसील व जिला कोरबा छ.ग. के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है जिस पर विक्रेता का कब्जा चला आ रहा है। उक्त भूमि को मेरा पक्षकार क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि विक्रेता को भुगतान कर दिया गया है। उक्त भूमि के विक्रय में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि अन्य लोगों को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, समयावधि व्यतीत होने के बाद कोई आपत्ति मान्य नही होंगी। उक्त भूमि की रजिस्ट्री मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में करा ली जावेगी।

सो सूचना जाने।
दिनांक - / /2026
भवदीय
विजय कुमार पाण्डेय
(अधिवक्ता)
निवासी गंगा नगर सेक्टर-2
मंगला चौक जिला बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.- 9926588733

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा उच्चभट्ठी प.ह.नं. 01, रा.नि.मं. व तहसील चाम्पा जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर-232/4 रकबा-0.101 हे. स्थित है जो पीयूष अग्रवाल पिता विनोद कुमार अग्रवाल निवासी गुप्ता गली वार्ड नं.11 मेनरोड कोरबा तहसील व जिला कोरबा छ.ग. के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है जिस पर विक्रेता का कब्जा चला आ रहा है। उक्त भूमि को मेरा पक्षकार क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि विक्रेता को भुगतान कर दिया गया है। उक्त भूमि के विक्रय में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि अन्य लोगों को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, समयावधि व्यतीत होने के बाद कोई आपत्ति मान्य नही होंगी। उक्त भूमि की रजिस्ट्री मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में करा ली जावेगी।

सो सूचना जाने।
दिनांक - / /2026
भवदीय
विजय कुमार पाण्डेय
(अधिवक्ता)
निवासी गंगा नगर सेक्टर-2
मंगला चौक जिला बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.- 9926588733

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा उच्चभट्ठी प.ह.नं. 01, रा.नि.मं. व तहसील चाम्पा जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर-232/8 रकबा -0.590 हे. स्थित है जो दिनेश अग्रवाल पिता ताराचंद अग्रवाल निवासी मनेन्द्रगढ़ जिला कोरिया छ.ग. के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है जिस पर विक्रेता का कब्जा चला आ रहा है। उक्त भूमि को मेरा पक्षकार क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि विक्रेता को भुगतान कर दिया गया है। उक्त भूमि के विक्रय में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि अन्य लोगों को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, समयावधि व्यतीत होने के बाद कोई आपत्ति मान्य नही होंगी। उक्त भूमि की रजिस्ट्री मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में करा ली जावेगी।

सो सूचना जाने।
दिनांक - / /2026
भवदीय
विजय कुमार पाण्डेय
(अधिवक्ता)
निवासी गंगा नगर सेक्टर-2
मंगला चौक जिला बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.- 9926588733

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा उच्चभट्ठी प.ह.नं. 01, रा.नि.मं. व तहसील चाम्पा जिला जांजगीर चाम्पा छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर- 232/7 रकबा -0.340 हे. स्थित है जो श्रीमती रेखा अग्रवाल पिता श्रीराम पति विनोद सिंघानिया निवासी एच. आई.जी. 32 पटेल नगर सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड नं.43 दर्री जमनीपाली तहसील व जिला कोरबा छ.ग. के नाम पर राजस्व अभिलेखों में दर्ज है जिस पर विक्रेता का कब्जा चला आ रहा है। उक्त भूमि को मेरा पक्षकार क्रय करने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि विक्रेता को भुगतान कर दिया गया है। उक्त भूमि के विक्रय में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि अन्य लोगों को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, समयावधि व्यतीत होने के बाद कोई आपत्ति मान्य नही होंगी। उक्त भूमि की रजिस्ट्री मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में करा ली जावेगी।

सो सूचना जाने।
दिनांक - / /2026
भवदीय
विजय कुमार पाण्डेय (अधिवक्ता)
निवासी गंगा नगर सेक्टर-2
मंगला चौक जिला बिलासपुर (छ.ग.)
मो.नं.- 9926588733

कोरबा मार्केट






तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 1 फरवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4
जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की सहभागिता से हासिल किया जा सकता है लक्ष्य : लखन




## खबर संक्षेप

### वन्य जीव संरक्षित करने बच्चों को किया गया जागरूक

**कोरबा।** करतला विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम कनकी के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में पीपीटी एवं डॉक्यूमेंट्री के माध्यम से विद्यार्थियों को वन्य जीवों के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। वन विभाग के अधिकारी एवं नोवा नेचर की टीम के सदस्य जितेंद्र सारथी ने बच्चों को बताया कि वन्य जीवों का संरक्षण क्यों आवश्यक है और इसका पर्यावरण संतुलन से क्या संबंध है, कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को विषैले एवं विषहीन सर्पों की पहचान, सर्प दंश होने की स्थिति में क्या करें और क्या न करें, कनकी में आने वाले प्रवासी पक्षी के संरक्षण के महत्व को बताया तथा वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 की महत्वपूर्ण जानकारियाँ सरल भाषा में समझाया गया।

### छात्र आकर्षण ने जीते 7 स्वर्ण पदक, किया गया सम्मानित

**कोरबा।** इंदिरा कला संगीत



विश्वविद्यालय खैरागढ़ का 17वां दीक्षांत समारोह 28 जनवरी को राज्यपाल रामेन डेका के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा, विधायक अनुज शर्मा मौजूद रहे। समारोह में छुरीकला निवासी व केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एनटीपीसी में संगीत शिक्षक के पद पर कार्यरत अशोक देवांगन के बड़े सुपुत्र मास्टर आकर्षण देवांगन को एमए (गायन) सत्र 2021-22 के लिए पूरे विश्वविद्यालय में सर्वोच्च अंक अर्जित करने पर 7 स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया गया, यह बड़ा ही अविस्मरणीय पल रहा।

### नदीम को मिली पीएचडी की उपाधि

**कोरबा।** शासकीय नवीन आदर्श



महाविद्यालय बंजारी में अतिथि व्याख्याता के रुप में कार्यरत जिले के युवा शिक्षाविद मो.नदीम ने कॉमर्स में पीएचडी (डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी) की उपाधि हासिल की है। उन्हें श्री रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय रायपुर से इस उपाधि से नवाजा गया। उन्होंने जिले में संचालित सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) योजना के अंतर्गत शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के उपभोक्ताओं की संतुष्टि का तुलनात्मक अध्ययन, के टॉपिक पर शोधकार्य पूर्ण कर यह उपाधि प्राप्त की है। डॉ नदीम ने अपने गाइड शिक्षक प्रो.अनूप श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में शोध कार्य पूर्ण किया।

### प्राथमिक विद्यालय तिलकेजा में होगा ऐतिहासिक एलुमनी मीट

**भैसमा।** शासकीय विद्यालय तिलकेजा पीएमश्री सेजेस तिलकेजा में भूतपूर्व छात्रों का स्नेह मिलन समारोह 31 जनवरी को विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया है। ग्राम पंचायत तिलकेजा का प्राथमिक शाला अंग्रेजी हुकूमत के समय संचालित विद्यालयों में से एक है जहां इस क्षेत्र के अधिकांश लोग इस शिक्षण संस्थान से अपनी प्राथमिक शिक्षा अर्जित किए हैं क्षेत्र के भूतपूर्व अभिभाजित मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री रहे स्व प्यारेलाल कंवर, पूर्व सांसद स्वर्गीय बंशीलाल महतो, पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर, भूतपूर्व विधायक श्यामलाल कंवर और अन्य प्रतिष्ठित क्षेत्र में कार्य कर सेवा निवृत हुए व्यक्ति भी इस शिक्षण संस्थान से प्राथमिक शिक्षा अर्जित किए हैं। वर्षों बाद अपने सहपाठियों, वरिष्ठों और कनिष्ठों से मिलने का अवसर मिलने से भूतपूर्व छात्रों में भावनात्मक जुड़ाव स्पष्ट नजर आ रहा है। यह आयोजन शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक बनकर उभर रहा है। इस अवसर पर आयोजकों ने सभी भूतपूर्व छात्रों से आग्रह किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस स्नेह सम्मेलन को ऐतिहासिक रूप से सफल बनाएं।

# पिछले वर्ष से 8 सौ कम किसानों ने बेचा धान, 53 हजार किसानों ने कराया था पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जिले में धान खरीदी की प्रक्रिया 30 जनवरी को पूरी होने के बाद जो जानकारी सामने आयी है उसके मुताबिक पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष 8 सौ किसानों ने धान नहीं बेचा है। बीते वर्ष 49 हजार किसानों ने पंजीयन कराया था और इस वर्ष 53 हजार किसानों ने पंजीयन कराया था।

धान बेचने के लिए तमाम तरह के नियम लगाए जाने से लगातार किसानों की संख्या कम होते जा रही है। हालांकि प्रतिवर्ष पंजीकृत किसानों की संख्या जरुर बढ़ रही है किंतु उसके तुलना में धान बेचने वाले किसानों की संख्या बीते दो वर्ष से घट रही है। जितने किसानों ने पंजीयन कराया है उतने किसानों ने धान ही नहीं बेचा है। इसके प्रमुख कारण धान बेचने के लिए पंजीयन के लिए जारी किए गए दिशा निर्देश को प्रमुख कारण बताया जा रहा है। कभी एग्रोटेक पोर्टल में पंजीयन, कभी फार्मर आईडी में पंजीयन, कभी समितियों में पंजीयन कभी गिरदावरी का सत्यापन, कभी खसरे का सुधार कार्य ऐसे तमाम पेचिदा कार्यों की वजह से किसान उलझते गए और धान बेचने वाले किसानों की संख्या घटती गई। इससे यह जानकारी सामने आती है कि सरकारी नियम कायदों के चक्कर में उलझकर किसान धान नहीं बेच पा रहे हैं।

### बीते वर्ष 49 हजार किसानों ने कराया था पंजीयन

**खास बातें**

- धान खरीदी की प्रक्रिया पूरी, अभी भी कई किसान नहीं बेच सके धान



### 14 हजार किसानों ने समर्पण किया रकबा

कुछ ऐसे किसान थे जिन्होंने अपने धान बेचने के बाद शेष रकबे का समर्पण कर दिया। ऐसे किसानों की संख्या 14 हजार सामने आयी है। इन किसानों ने अपने अतिरिक्त रकबे का धान नहीं बेचा। गिरदावरी के आधार पर जितने रकबे का उपज बतायी गई थी उतने ही फसल बेची गई यह भी एक कारण सामने आया है जिससे धान खरीदी कम हुई है। गिरदावरी के कारण कुछ किसानों के रकबे घट गये तो कुछ किसानों ने रकबे का समर्पण कर दिया। यही कारण है कि 27 लाख 38 हजार क्विंटल धान ही खरीदा जा सका।

## नेटवर्किंग समस्या बन रही प्रमुख कारण, शिक्षकों को भी नहीं किया गया अपडेट

# यूडाईस कोड में अपडेट नहीं हो रहा ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों का विवरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों का विवरण स्कूलों के यूडाईस कोड में अपडेट नहीं हो पा रहा है। नेटवर्किंग की समस्या लगातार इस कार्य को बाधित कर रही है वहीं शिक्षक भी इस यूडाईस कोड में जानकारी भरने के मामले में अपडेट नहीं हो पा रहे हैं। हालांकि विभाग के द्वारा पूर्व में यूडाईस कोड से संबंधित जानकारी के लिए शिक्षकों को ट्रेनिंग दी गई थी।

यूडाईस कोड अपडेट करने के मामले में ग्रामीण अंचल के स्कूल पीछे हो चल रहे हैं। कई ऐसी जानकारियां हैं जो यूडाईस कोड में अपडेट होनी चाहिए वह पूरी तरह नहीं हो पायी। विभागीय अधिकारियों के तमाम दिशा निर्देश के बावजूद शिक्षक इस मामले में पीछे चल रहे हैं। यह स्थिति उन क्षेत्रों के स्कूलों की है जहां नेटवर्क नहीं होने से मोबाइल और टेबलेट काम नहीं करते। यूडाईस कोड को अपडेट करने के लिए शिक्षकों को जिला मुख्यालय पहुंचना पड़ता है। जिले के सभी स्कूलों को यूडाईस कोड का आबंटन राज्य शासन की ओर से स्कूल शिक्षा विभाग के माध्यम से किया गया है। इनमें अशासकीय स्कूल भी शामिल हैं जो शासकीय स्कूलों के अपेक्षा ज्यादा अपडेट नजर आ रहे हैं उनकी सभी प्रकार की जानकारियां यूडाईस में अपडेट हैं।



फाइल फोटो

### फार्मेट में देनी पड़ती है पूरी जानकारियां

यूडाईस कोड में 15 पेज का फार्मेट है जिसमें शिक्षकों की उपस्थिति, शिक्षकों की गतिविधियां, बच्चों की उपस्थिति, पढ़ाई की स्थिति और खेलकूद की गतिविधियों के साथ स्कूल में आवश्यक उपलब्ध संसाधन की जानकारी एवं अनुपलब्ध संसाधन तथा मांग पत्र आदि जानकारी अपडेट करना पड़ता है। यूडाईस कोड में स्कूल की समस्त जानकारी अपडेट होने के बाद उनकी रिपोर्ट समग्र शिक्षा विभाग को जाती है।

### सीधे केंद्र को मिलती है जानकारी

यूडाईस कोड से जिले के सभी स्कूलों की वास्तविक स्थिति की जानकारी केंद्र सरकार के पोर्टल में अपडेट होती है और वहां से जानकारी राज्य सरकार के समग्र शिक्षा विभाग को भेजी जाती है और उसके बाद स्कूलों में उपलब्ध एवं जरुरी संसाधनों की मांग को पूरा करने के साथ स्कूलों को अपडेट किया जाता है। अधिकांश शिक्षकों को यह जानकारी नहीं रहती कि यूडाईस कोड की समस्त जानकारियां केंद्र सरकार तक जाती है।

# नहर पुल की रेलिंग चोरी के मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सार्वजनिक संपत्ति से जुड़े अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे सजग कोरबा, सतर्क कोरबा अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। रशियन हॉस्टल के पास नहर पुल से लोहे की रेलिंग चोरी के मामले में पुलिस ने 5 और आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**खास बात**

- चोरी के मामले में अब तक 15 लोगों को भेजा जा चुका है जेल

पुलिस ने अब तक कुल 15 आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज चुका है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी के मार्गदर्शन में चौकी सीएसईबी और थाना सिविल लाइन रामपुर पुलिस द्वारा की गई। पुलिस के अनुसार 17 जनवरी की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने गैस कटर की मदद से नहर पुल में लगी लोहे की रेलिंग काटकर चोरी कर ली थी। विवेचना के दौरान तकनीकी साक्ष्य, मुखबिर तंत्र और लगातार दबिश के आधार पर आरोपियों की पहचान की गई। पहले ही 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा ⏭ शेष पेज 3 पर

# कटघोरा किसान मेले में पुलिस की सख्ती, युवकों के हाथों से उतरवाए कड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं की आशंका को देखते हुए पुलिस की सतर्कता एक बार फिर सामने आई है। कटघोरा थाना क्षेत्र में आयोजित किसान मेले के दौरान पुलिस ने एहतियातन बड़ी कार्रवाई करते हुए कड़े पहनकर घूम रहे युवकों से कड़े उतरवाकर जब्त किए हैं। यह पूरी कार्रवाई थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी के नेतृत्व में की गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार मेले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से यह कदम उठाया गया।

कार्रवाई के तहत करीब 500 युवकों के हाथों से कड़े उतरवाए गए, जिन्हें थाने में विधिवत जब्त किया गया है। पुलिस का मानना है कि इस तरह के कड़े कई बार मारपीट और आपराधिक घटनाओं में हथियार के रूप में इस्तेमाल किए जा सकते हैं। बताया जा रहा है कि किसान मेले में प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए पुलिस द्वारा पूरे मेला परिसर पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए कई दुकानों और प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। कटघोरा थाना के सामने आयोजित यह किसान मेला लगभग एक माह तक चलेगा। यह मेला हर वर्ष आयोजित होता है, जिसमें न केवल जिले बल्कि आसपास के कई जिलों से भी लोग शामिल होने पहुंचते हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हाल के दिनों में अपराधों में बढ़ोतरी को देखते हुए इस तरह की रोकथाम संबंधी कार्रवाई की जा रही है, ताकि मेले के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना को रोका जा सके और आमजन सुरक्षित माहौल में मेले का आनंद ले सके।


मेले में कार्यवाही करती पुलिस की टीम।

### पुलिस ने एक हफ्ते में 59 आरोपियों को भेजा जेल

**कोरबा।** जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अपराधों पर नियंत्रण के लिए पुलिस ने तेज़ी से कार्रवाई की है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशों पर जिले के सभी अनुभागों और थाना चौकी प्रभारियों ने अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया।इस कार्रवाई के दौरान 24 वारंटियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें से 9 स्थायी वारंटी थे। विभिन्न मामलों में कुल 33 लोगों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि ये सभी आरोपी पहले से फरार थे और अदालत द्वारा जारी वारंट के बावजूद लंबे समय से फरार चल रहे थे। एक सप्ताह के अंदर पुलिस ने अब तक कुल 59 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस ने कहा कि यह अभियान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए जारी रहेगा। पुलिस ने आम लोगों से कहा है कि वे शांति और सुरक्षा बनाए रखने में सहयोग करें। किसी भी अवैध गतिविधि, अपराध या अवैध शराब के निर्माण बिक्री की जानकारी तुरंत अपने नजदीकी थाना चौकी या पुलिस नियंत्रण कक्ष को दें।

# स्वच्छता संकल्प पर गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकार्ड बनाने 6 को घंटाघर में जुटेगा कोरबा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

महासंकल्प 2026 के तहत 1 घंटे की समय सीमा में स्वच्छता शपथ के एक ही बैनर पर 8 हजार लोगों द्वारा हस्ताक्षर कर गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकार्ड कायम करने के लिए 6 फरवरी को घंटाघर से रविशंकर नगर की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर जुटेगा तथा प्रबल संकल्प शक्ति का परिचय देते हुए गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकार्ड को अपनी झोली में डालेगा।

महासंकल्प 2026 के बैनर तले कलेक्टर कुणाल दुदावत व महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में निगम व जिला प्रशासन गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकार्ड की तैयारियों को अंजाम देने में जुट गया है। स्वच्छता शपथ के एक ही बैनर में 1 घंटे की समय सीमा में साढ़े 7 हजार हस्ताक्षर कराने का गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकार्ड अभी उत्तराखण्ड के पिथौरागढ़ के नाम पर है। अब इस रिकार्ड को क्रेक कर नया रिकार्ड बनाने एवं गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकार्ड को अपने नाम करने के लिए कोरबा पूरे संकल्प शक्ति के साथ आ खड़ा हुआ है। कोरबा के लिए कुछ नया करने एवं यहां के लिए अविस्मरणीय उपलब्धि हासिल करने की चाहत लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत तथा कोरबा के विकास के लिए दृढ़इच्छा रखने वाली महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत की इस नूतन पहल को अमलीजामा पहनाने की जिम्मेदारी निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय को दी गई है। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने इसके लिए बैठकों का दौर जारी करते हुए महाविद्यालयों व पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस बृहतर आयोजन की रूपरेखा व तैयारियों पर उनके साथ मंथन किया, वहीं विद्यालयों, विभागों, संस्थाओं, संगठनों, प्रतिष्ठानों आदि के साथ बैठक कर तैयारियों पर मंथन एवं सभी की सहभागिता के लिए लगातार बैठकों का दौर जारी रहेगा। साथ ही साथ तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। आयुक्त ने गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकार्ड प्राप्त करने की प्रशासन की प्रतिबद्धता का इजहार करते हुए कोरबा शहर ने विकास के विभिन्न सोपानो पर कार्य करते हुए नित नई उपलब्धियों को अर्जित करने की क्षमता भी समय-समय पर दिखाई है। जब जरूरत पड़ी तो यहां के रहवासियों ने एकजुटता का परिचय दिया है तथा लक्ष्य को प्राप्त किया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता संकल्प को लेकर हम जिस गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकार्ड को कायम करने की कवायद में आगे बढ़ रहे हैं, वह रिकार्ड हमारे शहर वासियों के सहयोग, उनकी सक्रिय सहभागिता व दृढ़ इच्छा शक्ति से अवश्य कायम होगा तथा हम सब मिलकर गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकार्ड को कोरबा की झोली में डालने में कामयाब होंगे।

**खास बात**

- निगम व जिला प्रशासन जुटा गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकार्ड की तैयारियों को अंजाम देने में

## पूर्व राजस्व मंत्री ने मुख्य निर्वाचन आयोग व कलेक्टर को लिखा पत्र

# मतदाता सूची से अल्पसंख्यक मतदाताओं को हटाने की साजिश लोकतंत्र पर सीधा हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त व कलेक्टर को पत्र लिखकर कोरबा विधानसभा क्षेत्र में मतदाता सूची के शुद्धिकरण की प्रक्रिया की आड़ में जो कुछ हो रहा है, वह एक प्रशासनिक कार्रवाई नहीं, बल्कि लोकतंत्र को कमजोर करने की सुनियोजित राजनीतिक साजिश रचने का आरोप लगाया है।

पूर्व राजस्व मंत्री श्री अग्रवाल ने मुख्य निर्वाचन आयोग को जारी पत्र में उल्लेख किया है कि विश्वसनीय तथ्यों एवं सामने आए दस्तावेजों से यह स्पष्ट हो चुका है कि फॉर्म 7 का बड़े पैमाने पर फर्जी और आपराधिक दुरुपयोग कर विशेष अल्पसंख्यक समुदाय के मतदाताओं को मताधिकार से वंचित करने का प्रयास किया गया है। यह कृत्य संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 19 एवं 326 की खुली अवहेलना है। सोशल मीडिया पर प्रसारित लगभग 55 पृष्ठों की सूची में 1566 मतदाताओं के नाम विलोपन के लिए चिन्हित किए गए हैं, जिनमें से लगभग 98 प्रतिशत मतदाता एक ही अल्पसंख्यक समुदाय से संबंधित हैं। यह आँकड़ा स्वयं इस बात का प्रमाण है कि यह कोई संयोग नहीं, बल्कि पूर्वाग्रह से प्रेरित संगठित षड्यंत्र है। जिन मतदाताओं के नाम और ईपिक नंबर से फॉर्म 7 दाखिल किया गया, उन्हें इसकी कोई जानकारी तक नहीं है। उनके नाम का दुरुपयोग कर झूठा लिखा गया कि वे उस पते पर निवास नहीं करते या स्थायी रूप से अन्यत्र चले गए हैं, जबकि वास्तविकता इससे बिल्कुल विपरीत है। यह कृत्य जालसाजी, कूटरचना, पहचान की चोरी और नागरिकों के मताधिकार पर डकैती के समान है। यहां बताना होगा कि विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने पूर्व में भारत निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर इस षड्यंत्र की आशंका से अवगत कराया था और बताया था कि एक राजनीतिक दल के वरिष्ठ नेताओं के निर्देश पर उसके कार्यकर्ता फॉर्म 7 का दुरुपयोग कर रहे हैं। दुर्भाग्यवश, उस चेतावनी को गंभीरता से नहीं लिया गया। मतदाता सूची से नाम हटाना कोई साधारण प्रशासनिक कार्य नहीं है। यह नागरिक के मूल अधिकार पर सीधा हमला है। यदि इस प्रकार के कृत्यों पर कठोर और उदाहरणात्मक कार्रवाई नहीं की गई, तो इससे न केवल निर्वाचन प्रणाली की विश्वसनीयता नष्ट होगी, बल्कि सामाजिक सौहार्द और लोकतांत्रिक मूल्यों को भी अपूरणीय क्षति पहुँचेगी।


जयसिंह अग्रवाल।

### ये हैं मांगें

कोरबा विधानसभा क्षेत्र में प्राप्त सभी फॉर्म 7 आवेदनों की शत प्रतिशत घर-घर जाकर भौतिक एवं दस्तावेजी जांच कराई जाए। यह सार्वजनिक किया जाए कि किस व्यक्ति या संगठन ने, किसके निर्देश पर, यह फर्जीवाड़ा किया। जिन मामलों में फर्जी या कूटरचित फॉर्म-7 पाए जाएं, वहां आईपीसी, जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, 1951 तथा आईटी अधिनियम के अंतर्गत तत्काल एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई हो। यदि किसी बीएलओ, सुपरवाइजर या निर्वाचन तंत्र के अधिकारी कर्मचारी की भूमिका संदिग्ध पाई जाए, तो उसके विरुद्ध विभागीय एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाए। जांच पूर्ण होने तक सभी विवादित विलोपन प्रक्रियाओं पर तत्काल रोक लगाई जाए।




### 16वीं राज्य पैरा एथलेटिक्स में किशन ने जीते 3 स्वर्ण

**बालको।** 16वीं राज्य पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में किशन लाल ने गोला फेंक, भाला फेंक एवं तवा फेंक स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए 3 स्वर्ण पदक जीतकर बेस्ट एथलेटिक्स अवॉर्ड का मोमेंटो प्राप्त किया। प्रेसिडेंट एवं वाइस प्रेसिडेंट सर के सहयोग से केयर स्कील फाउंडेशन के माध्यम से 13 दिव्यांग बच्चों को स्पॉन्सर किया गया, जिन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल 20 स्वर्ण, 15 रजत एवं 4 कांस्य पदक कुल 39 मेडल जीतकर सभी को गौरवान्वित किया।

## खबर संक्षेप

### आनंद मेला व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन आज

**कोरबा।** कन्नौजिया राठौर समाज परिवार द्वारा स्वजनों के सहयोग से निर्मित शहर के द्वितीय सामाजिक भवन का लोकार्पण एवं वार्षिक सम्मेलन का आयोजन 1 फरवरी की दोपहर 3 बजे किया जाएगा। यह नवीन सामाजिक भवन मैगजीन भाटा, वार्ड क्रमांक 34, दादरखुर्द (दादर रोड) में स्थित है। कार्यक्रम के दौरान आनंद मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जो आयोजन का मुख्य आकर्षण रहेगा। समाज के बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं की सहभागिता से कार्यक्रम को भव्य रूप दिया जाएगा। इस गरिमामयी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन होंगे। वहीं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत एवं भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कन्नौजिया राठौर समाज के प्रांतीय अध्यक्ष हेमचंद राठौर करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में नगर सभापति नूतन सिंह ठाकुर, कन्नौजिया राठौर समाज के महासचिव डॉ.राघवेन्द्र प्रताप सिंह राठौर, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, पार्षद श्रीमती सुनीता चौहान सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहेंगे।

### माँ सर्वमंगला मंदिर घाट पर हसदेव आरती का आयोजन आज

**कोरबा।** नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा जीवनदायिनी हसदेव नदी उसकी सहायक नदियों एवं अन्य प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण, स्वच्छता और सौंदर्यीकरण के उद्देश्य से निरंतर जन-जागरूकता के कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में समिति द्वारा प्रत्येक माह की पूर्णिमा तिथि को हसदेव आरती का आयोजन किया जाता है। समिति के इस पुनीत अभियान के अंतर्गत माघ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 1 फरवरी की शाम 5 बजे माँ सर्वमंगला मंदिर घाट, कोरबा में हसदेव आरती का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य यजमान के रूप में नारायण कुर्रे जिलाध्यक्ष, सतनामी कल्याण समिति उपस्थित रहेंगे। वहीं कार्यक्रम में विशिष्ट यजमान के रूप में दिलीप साहू डायरेक्टर न्यू एरा प्रोगेसिव स्कूल, अयोध्या प्रसाद सोनी जिलाध्यक्ष, कनौजिया स्वर्णकार समाज, सतविंदर सिंह सिंधु उपाध्यक्ष, गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा, मेदनी प्रसाद मिश्रा प्रशिक्षक, आर्ट ऑफ लिविंग की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। नमामि हसदेव सेवा समिति ने जिले के समस्त श्रद्धालुओं एवं नागरिकों से सपरिवार उपस्थित होकर हसदेव आरती में सहभागिता करने और पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

### बच्चे रहे स्वस्थ योजना के तहत आयुर्वेदिक इम्यूनाइजेशन कार्यक्रम आज

**कोरबा।** चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के अंतर्गत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट, पतंजलि चिकित्सालय एवं श्री शिव औषधालय के संयुक्त तत्वावधान में बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने हेतु बच्चे रहे स्वस्थ योजना के तहत आयुर्वेदिक इम्यूनाइजेशन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर नाड़ीवैद्य डॉ. नागेंद्र नारायण शर्मा द्वारा रवि पुष्य नक्षत्र के पावन अवसर पर स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार कराया जाएगा। यह कार्यक्रम 1 फरवरी को पतंजलि चिकित्सालय एवं श्री शिव औषधालय, दुकान क्रमांक 10-11, महानदी कॉम्प्लेक्स, निहारिका रोड, कोरबा में आयोजित होगा। कार्यक्रम के अंतर्गत जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों को स्वर्ण बिन्दु प्राशन ड्रॉप्स पिलाकर आयुर्वेद पद्धति से टीकाकरण किया जाएगा। साथ ही बच्चों के स्वास्थ्य की निःशुल्क चिकित्सकीय जांच की जाएगी। इसके अलावा बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए अभिभावकों को बच्चों की आयु के अनुसार उपयुक्त आहार-विहार, जीवनशैली तथा योग-प्राणायाम की भी विस्तृत जानकारी एवं निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। आयोजकों ने बताया कि बच्चों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और लंबी प्रतीक्षा से बचा जा सके, इसके लिए पूर्व में समय निर्धारित किया जाएगा।

### 41 लैम्प्स समितियों के माध्यम से किसानों को मिल रही हैं आधुनिक सुविधाएं

**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप जिले में सहकारिता विभाग द्वारा किसानों के उत्थान और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। वर्तमान में जिले के अंतर्गत कुल 41 लैम्प्स समितियां संचालित हैं, जो खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत धान खरीदी के साथ-साथ किसानों को बैंकिंग और अन्य डिजिटल सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। जिले में धान विक्रय हेतु 52,556 किसान पंजीकृत हैं एवं कुल पंजीकृत धान का रकबा 68656.57 हेक्टेयर है। इनमें सीमांत कृषक 24473, लघु कृषक 25653 एवं दीर्घ कृषक 2430 है। जिनके सुगम कार्य निष्पादन हेतु सभी 41 लैम्प्स में माइक्रो एटीएम स्थापित किए गए हैं, जिससे किसान अपनी आवश्यकतानुसार नगद राशि का आहरण कर पा रहे हैं। जिले के 41 लैम्प्स द्वारा राष्ट्रीय सहकारी समितियां भारतीय बीज सहकारी समिति, भारतीय सहकारी आर्गेनिक लिमिटेड, राष्ट्रीय सहकारी निर्यात समिति, राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ की सदस्यता ग्रहण कर ली।

# गौतम, अमन, भूषण जगदेव और डॉ.प्रभात स्वाति की जोड़ी ने जीता खिताब

**एकलव्य रिपब्लिक कप बैडमिंटन चैंपियनशिप कार्यक्रम संपन्न**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बातें**

- 25 से 45 वर्ष, 45 से 60 एवं 60 वर्ष से अधिक के खिलाड़ियों ने भाग लिया।



अलग खबर

एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना कोरबा के तत्वावधान में रिपब्लिक कप 2026 बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। तीन आयु वर्ग में आयोजित एकदिवसीय टीम इवेंट में गौतम-अमन, भूषण उरांव व जगदेव और डॉ प्रभात पाणिग्रही व स्वाति रेगे की जोड़ी ने एकलव्य रिपब्लिक कप के विजेता का खिताब हासिल किया। निगम कॉलोनी निहारिका स्थित एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के भव्य बैडमिंटन कोर्ट में यह प्रतियोगिता तीन आयु वर्ग में आयोजित की गई थी। इनमें 25 से 45 वर्ष, 45 से 60 एवं 60 वर्ष से अधिक के खिलाड़ियों ने भाग लिया। 25 से 45 वर्ष में 16 टीम, 45 से 60 में 8 और 60 प्लस में 4 टीमों ने हिस्सा लिया। 25 से 45 वर्ष में गौतम और अमन की जोड़ी विजेता रही। अवनीश पाठक और नरेंद्र उइके उपविजेता रहे। 45 से 60 वर्ष में भूषण उरांव व जगदेव की जोड़ी विजेता और मनीष गुप्ता व नितिन गुप्ता उप विजेता रहे। 60 प्लस आयु वर्ग में डॉ प्रभात पाणिग्रही और स्वाति रेगे की जोड़ी विजेता व सुधीर रेगे और डॉ ज्योति श्रीवास्तव उप विजेता रहे। आयोजन को सफल बनाने एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के अध्यक्ष डॉ संजय अग्रवाल, कोरबा जिला बैडमिंटन संघ (केडीबीए) के संरक्षक अशोक शर्मा, एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना के वाइस प्रेसिडेंट भूषण उरांव, सचिव मनीष गुप्ता, कोषाध्यक्ष सोनल फेलिक्स, केडीबीए अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, महेश गुप्ता, सुधीर रेगे, श्रीराम तिवारी, चीफ रेफरी सूर्यकांत ठाकुर, कार्यक्रम संचालक अमित बनर्जी ने मुख्य भूमिका निभाई।

## उद्योग मंत्री की अध्यक्षता में आकांक्षी जिला अंतर्गत संपूर्णता अभियान 2.0 का हुआ शुभारंभ

# जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की सहभागिता से हासिल किया जा सकता है लक्ष्य : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



हितग्राहियों को चेक प्रदान करते उद्योग मंत्री, कलेक्टर एवं विधायक।

विगत वर्ष संपूर्णता अभियान 1.0 के तहत निर्धारित संकेतकों पर योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर महत्वपूर्ण उपलब्धियाँ हासिल की गईं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशा-निर्देशन में नीति आयोग द्वारा जिले को विकास की तेज राह पर आगे बढ़ाने के उद्देश्य से संपूर्णता अभियान 2.0 लागू किया गया है। सरपंचों सहित सभी जनप्रतिनिधियों की सहभागिता और विभागीय अधिकारियों के समन्वय से आकांक्षी जिले के लिए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करते हुए कोरबा को विकास व प्रगति के पथ पर आगे ले जाना उनकी प्राथमिकता है।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कलेक्ट्रेट में आयोजित नीति आयोग के आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत संपूर्णता अभियान 2.0 का औपचारिक शुभारंभ के दौरान कही। उन्होंने कहा कि इस अभियान के सभी मानकों को प्राप्त करने में सभी की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। योजनाओं का सफल क्रियान्वयन और उनका लाभ पात्र व्यक्तियों तक सुनिश्चित रूप से पहुँचे, इसके लिए समर्पित भाव से कार्य करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि खनन प्रभावित क्षेत्रों के विकास के लिए डीएमएफ की व्यवस्था से जिले में अनेक विकास कार्य संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 विजन को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी छत्तीसगढ़ को नई ऊँचाइयों पर ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जनजागरूकता के माध्यम से संपूर्णता अभियान 2.0 के निर्धारित संकेतकों पर प्रभावी कार्य कर लक्ष्यों की प्राप्ति और कोरबा जिले को आकांक्षी जिला श्रेणी से बाहर लाने के लिए सभी की सहभागिता अत्यंत आवश्यक बताई। कार्यक्रम को कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल एवं कलेक्टर कुणाल दुदावत, पार्षद नरेन्द्र देवांगन, जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग ने भी संबोधित किया।

**दिलाई शपथ, स्व सहायता समूहों को चेक का वितरण**

उद्योग एवं श्रम मंत्री श्री देवांगन ने संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ करते हुए उपस्थित सभी अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को अभियान की सफलता हेतु शपथ दिलाई। इस अवसर पर अतिथियों ने सेल्फी जोन में स्मृति फोटो भी लिए। कार्यक्रम में बिहान से जुड़े स्व-सहायता समूह-ग्राम दोंदरो की देवी स्व-सहायता समूह, जय मां दुर्गा स्व-सहायता समूह, जामबहार की जय मां लक्ष्मी एवं जय अंबे स्व-सहायता समूह, तथा सोनपूरी की राधा कृष्णा स्व-सहायता समूह को मंत्री श्री देवांगन द्वारा चेक वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त उन्होंने कोलगा के उतरा सिंह, पंचराम, श्री शांति और दुकालुराम को स्वायल हेल्थ कार्ड भी प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने स्व-सहायता समूह द्वारा लगाये स्टाल का भी अवलोकन किया।

# बांकीमोंगरा क्षेत्र में मिला भ्रूण, जांच में जुटी पुलिस



नवजात का भ्रूण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

बांकीमोंगरा क्षेत्र में उस समय लोग सकते में आ गए जब एक सात माह का भ्रूण मिला। भ्रूण मिलने की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी जहां पुलिस ने मामले में वैधानिक कार्यवाही कर जांच शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार बांकीमोंगरा थाना क्षेत्र अंतर्गत शनिवार की शाम बांकी कॉलोनी मनोरंजन क्लब के पीछे भ्रूण की खबर से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई और घटनास्थल पे आस पास के लोगो के साथ साथ क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोगो के भीड़ उमड़ने लगी।

भ्रूण मिलने की सूचना पर थाना प्रभारी नंदलाल टंडन अपनी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर तफ्तीश कर रही है, सीसीटीवी फुटेज से जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है। प्रथम जांच में आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर यह जानकारी मिली कि शनिवार की दोपहर के वक्त किसी अंजान व्यक्ति को यहां झोला के साथ देखा गया था संभावना जतायी जा रही है कि उसी ने यह भ्रूण को फेंका है। फिलहाल स्पष्ट नहीं हो पाया है कि किसके द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस मामले में बारीकी से जांच की जा रही है। जांच के बाद ही मामला पूरी तरह से स्पष्ट हो पाएगा।

# हनुमानजी की प्रतिमा के साथ तोड़फोड़ बजरंग दल ने जताया अक्रोश



मंदिर का बिखरा सामान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- कोरबी चौकी क्षेत्र का मामला, एक गिरफ्तार

पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत कोरबी चौकी के सिरमीना घाटी इलाके में हनुमान जी की मूर्ति खंडित किए जाने की घटना सामने आई है। घटना को लेकर गांव में आक्रोश का माहौल उत्पनन हो गया था और बजरंग दल के सदस्य घटना स्थल पर पहुंचे थे। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने तत्काल अपराध दर्ज किया और मूर्ति को तोड़फोड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है।

कोरबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सिरमिना में शनिवार की सुबह अज्ञात व्यक्ति के द्वारा हनुमान जी की मूर्ति को खंडित करने के साथ ही मंदिर के पुजारी के साथ भी मारपीट की गई। आरोप है कि कुछ लोगों ने डंडे से पुजारी की पिटाई की। घटना के बाद पुजारी और ग्रामीणों द्वारा थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। कोरबी पुलिस ने मामला में संज्ञान लेते हुए विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया और पुलिस ने उसी गांव में रहने वाले रामकुमार मरावी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# तीन नाबलिगों से चोरी की तीन मोटर साइकिल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा





मोटर साइकिल चोरी करने वाले गिरोह के तीन नाबालिक सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने चोरी के तीन मोटर साइकिल जब्त किया है।

सिविल लाईन थाना क्षेत्र अंतर्गत सितंबर 2025 में अज्ञात चोरों के द्वारा मोटर सायकल चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था। पता साजी के दौरान सिविल लाईन पुलिस और सीएसईबी चौकी को मुखबीर से सूचना मिली कि कुछ युवक चोरी के मोटर सायकल में फरार्टे भर रहे थे सूचना पर सीएसईबी व सिविल लाईन पुलिस ने संयुक्त दबिश देकर तीन नाबालिकों को हिरासत में लेकर उनके कब्जे से तीन मोटर साइकिल बरामद किया गया है। मामले में अपचारी बालको को न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस ने बताया कि अपचारी बालको द्वारा होंडा लिवो मोटरसाइकिल, वाहन क्रमांक सीजी 11 एक्यू 9955 को बलौदा, जिला जांजगीर-चांपा से चोरी कर कोरबा लाया गया था। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर लिया है।

**हरिभूमि**

पाठकों के लिए माह जनवरी 2026 का बिल निम्नानुसार है

| विवरण | दर | राशि |
| --- | --- | --- |
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग = | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह जनवरी 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 फरवरी 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

## एसईसीएल के सेवानिवृत्ति कर्मियों को दी गई विदाई

**कोरबा।** एसईसीएल से सेवानिवृत्त होने वाले तीन कर्मियों को निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास के मुख्य आतिथ्य, विभिन्न विभागाध्यक्षों, श्रम संघ प्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों की उपस्थिति में बिलासपुर स्थित सीएमडी कक्ष में शाल, श्रीफल, पुष्पहार से सम्मानित कर समस्त भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी गयी। सेवानिवृत्त होने वालों में उमेश कुमार गुप्ता वरीय प्रबंधक (खनन) भूमिगत खदान विभाग, प्रेम सिंह कालवी कार्यालय अधीक्षक ए 1 उत्खनन विभाग, श्रीमती अनिता कड़वे लिपिक ग्रेड-1 निदेशक तकनीकी सचिवालय शामिल रहे। निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास ने कहा कि सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारी अपनी कार्यकुशलता और समर्पण से एसईसीएल को सफलता की नई ऊंचाइयों तक लेकर गए हैं। उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। प्रबंधन ने सभी के उज्ज्वल भविष्य और सुखद पारिवारिक जीवन की कामना की। सेवानिवृत्त अधिकारी और कर्मचारियों ने भी कम्पनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि एसईसीएल में कार्य करना गौरव का विषय रहा।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

# तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, मौत, चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- हरदीबाजार थाना क्षेत्र के अंडीकछार रोड पर हुआ हादसा



सड़क दुर्घटना मृत युवक।

एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई है। हादसे के होते ही स्थानीय लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और हादसे के होते ही लोगों ने चक्काजाम कर दिया था। चक्काजाम की सूचना पर प्रशासन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची थी और ग्रामीणों को समझाइश दी गई जिसके बाद चक्काजाम समाप्त किया गया।

जानकारी के अनुसार दीपका थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नोनबिर्रा निवासी सौरभ राजपूत 25 वर्ष पिता सूर्यभान राजपूत अपने मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 12 डीजी 3287 में सवार होकर अपनी भाभी को मोटरसाइकिल में बैठाकर उसे छोड़ने के लिए ग्राम उतरदा आया हुआ था, जहां देर शाम को अपनी भाभी को छोड़कर वह मोटरसाइकिल में सवार होकर अपने गृहग्राम नोनबिर्रा लौट रहा था कि इसी दौरान बीच रास्ते में ग्राम अंडीकछार के समीप एक अज्ञात वाहन ने सौरभ राजपूत को अपनी चपेट में ले लिया जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट लगी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के लोग बड़ी संख्या में मुख्य मार्ग पहुंच गए और स्थानीय लोगों ने मुआवजा सहित अन्य मांगों को लेकर चक्काजाम कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर हरदीबाजार पुलिस व जिला प्रशासन के अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंची थी। जहां प्रशासन की ओर से ग्रामीणों को समझाइश दी गई जिसके बाद चक्काजाम समाप्त किया गया। पुलिस के मामले में वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान



डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com




19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)



Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411